तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 21 फरवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन की खेती करें किसान



## खबर संक्षेप

### निःशुल्क बायोनिक हाथ के लिए राज्य स्तरीय मापन शिविर 23 को

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग के सहयोग से इनाली फाउंडेशन द्वारा राज्य के अस्थि बाधित दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ प्रदाय किए जाने हेतु राज्य स्तरीय मापन शिविर का आयोजन ठाकुर मेरिज पैलेस, वोलफोर्ट सिटी के सामने रायपुर में किया जा रहा है। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि शिविर में अस्थि बाधित दिव्यांग जनों को 23 फरवरी को सम्मिलित कराए जाने हेतु समाज कल्याण विभाग, जिला जांजगीर-चांपा द्वारा निःशुल्क आवागमन की व्यवस्था की गई है। ऐसे दिव्यांगजन जिनका हाथ कोहनी के नीचे से कटा हुआ है, वे शिविर में भाग लेकर निःशुल्क बायोनिक हाथ बनवा सकते हैं। शिविर में शामिल होने के इच्छुक दिव्यांगजन अपना दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 22 फरवरी तक राजेश देवांगन, परिवीक्षा अधिकारी एवं रवि देवांगन से संपर्क कर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

### शारदा मंदिर परिसर में योग प्रशिक्षण का आयोजन आज से

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के शारदा मंदिर परिसर में 25 दिवसीय योग शिविर सशुल्क सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 21 फरवरी से 17 मार्च तक आयोजित है। जिला महिला प्रभारी श्रीमती मनीषा गोपाल,जिला महामंत्री श्रीमती चमेली साहू ने 25 दिवसीय विशेष योग शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि महिला पतंजलि योग समिति एम. पी. वाय. एस. जांजगीर द्वारा पुनः नया 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर फरवरी माह में प्रारंभ हो रहा है। प्रत्येक दिवस प्रातः 5.30 से 7 तक योग प्राणायाम व शाम 6 बजे से 7 बजे तक व्याख्यान होगा।

### सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक 24 को

**सक्ती।** लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में 24 फरवरी को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सक्ती के सभाकक्ष में दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### शौचालय बनाने खोदे गड्ढे में गिरकर महिला की मौत

**जांजगीर-चांपा।** शौचालय बनाने के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरकर महिला की मौत का मामला सामने आया है। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिल्ली की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिल्ली निवासी महिला शुक्रवार 20 फरवरी को घर के बड़ी में शौचालय निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में जाकर गिर गई। इस घटना में पार्वती कश्यप पति राजेश कुमार कश्यप उम्र 27 वर्ष की मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजन समेत जब गांव के लोगों को हुई तो उन्होंने इस बात की सूचना पामगढ़ पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची वही पार्वती कश्यप के शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम की कार्यवाही के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ ले जाया गया। पीएम की कार्यवाही कर शव परिजनों को सौंप दी गई।

### 65 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार

**बाराद्वार।** ग्राम डुमरपारा में निरीक्षण नरेन्द्र यादव द्वारा निरीक्षण किया गया, जहां डूमरपारा निवासी संतोष बंजारे के कब्जे से 65 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया। जिसकी कीमत 65 सौ रुपए बताई जा रही है। जिसे आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक नरेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक मनीष राजपूत, प्रआर. अयुब खान, मप्रआर. श्यामा जायसवाल, आरक्षक योगेश राठौर का योगदान रहा ।

## नियमित के साथ प्लेसमेंट कर्मचारियों को भी वेतन भुगतान नहीं

# फांके में दिन बिता रहे पालिका कर्मचारी तीन महीने से नहीं मिली तनख्वाह

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




जिला मुख्यालय में साफ सफाई के साथ शहरवासियों के लिए पेयजल सुविधा मुहैया कराने और अन्य कार्यो के लिए मुस्तैद नगर पालिका के कर्मचारी फांके में दिन बिताने मजबूर है। दरअसल तीन महीने से उन्हें वेतन भुगतान नहीं हो पाया है। खास बात यह है कि इनमें प्लेसमेंट के अलावा नियमित कर्मचारी भी है, जिन्हें बीते नवंबर महीने से वेतन अप्राप्त है।

गौरतलब है कि शहर सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ नगरीय प्रशासन की मंशा अनुसार शहर की साफ सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था मुहैया कराने सहित नगर पालिका के कार्यो को करने पूरे समय तत्पर रहने वाले नगर पालिका के कर्मचारियों को नियमित वेतन भुगतान नहीं होने की समस्या एक तरह से स्थायी होते जा रही है। वर्तमान में नगर पालिका परिषद जांजगीर ने सेवारत 140 से अधिक नियमित और प्लेसमेंट कर्मचारियों को बीते नवंबर महीने से वेतन नहीं मिल पाया है। बताया जाता है कि यहां के कर्मचारियों को दीपावली के समय अक्टूबर महीने तक का वेतन भुगतान किया गया था, इसके बाद वर्ष 2025 के दो महीने नवंबर और दिसंबर तथा नए साल 2026 में जनवरी महीने का वेतन भुगतान नहीं हुआ है। वर्तमान में फरवरी का महीना समाप्ति की ओर है। सामने होली और नवरात्रि जैसे त्यौहार आने वाले है। इसके अलावा फरवरी महीने की 20 तारीख से स्कूलों में बच्चों की परीक्षा शुरू हो गई है। ऐसे में पालिका कर्मचारियों को हर तरह से आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर जहां तीज त्यौहार और शादी-विवाह के सीजन में उनके हाथ खाली है तो वहीं दूसरी ओर बच्चों की फीस पटाने सहित अन्य समस्याएं भी बनी हुई है। कुल मिलाकर नियमित वेतन भुगतान नहीं होने से अधिकारी कर्मचारी आर्थिक संकट से जूझ रहे है तो वहीं प्लेसमेंट कर्मचारियों के सामने और भी विकट स्थिति निर्मित होने लगी है। ऐसे में पालिका कर्मचारियों को हर तरह से आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी वजह से कर्मचारियों का हर त्यौहार फीका पड रहा है।

### नहीं पटा पा रहे फीस और किश्त

बीते तीन महीने से वेतन नहीं मिलने की समस्या से जूझ रहे पालिका कर्मचारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि नगर पालिका में नियमित वेतन भुगतान नहीं होने की समस्या एक तरह से स्थायी रूप ले चुकी है। उनका कहना है कि अधिकारियों को तो इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता, लेकिन छोटे कर्मचारी खास करके प्लेसमेंट कर्मचारियों को भारी परेशानी होती है। 10-12 हजार की नौकरी में पूरे घर का खर्चा चलाना है। इसके अलावा घर किराया, गाड़ियों के किश्त, बिजली बिल और बच्चों की फीस जमा करने में दिक्कतें होने लगी है। उनका कहना है कि हर बाद दो-तीन महीने के अंतराल में वेतन मिलने से उन्हें आर्थिक के साथ मानसिक परेशानियों से भी जूझना पड़ता है।

### करेंगे मांग

पालिका कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान करना चाहिए। इस संबंध में कर्मचारियों से चर्चा करके वेतन भुगतान को लेकर पालिका प्रशासन से मांग की जाएगी।

-प्रिंस शर्मा,
नेता प्रतिपक्ष
नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला

### फंड की समस्या

पालिका अंतर्गत काम करने वाले कर्मचारियों को फंड समस्या के चलते वेतन भुगतान नहीं हो पाया है। राशि मिलते ही कर्मचारियों को वितरण कर दिया जाएगा।

-विक्रांत भगत,
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला

# फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में पार्षद गिरफ्तार

## भूमि नामांतरण निरस्त कराने फर्जीवाडे का आरोप

.हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

भूमि नामांतरण निरस्त कराने को लेकर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के आरोप में चांपा पुलिस ने एक पार्षद को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि जिस व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र फर्जी तरीके से तैयार की गई। उसकी वास्तविक मृत्यु वर्ष 1979 में हुई थी, जबकि आरोपी ने 9 साल पहले मृत्यु होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुनील सोनी निवासी सोनारपारा चांपा ने एक शिकायत की थी, जिस पर जांच में पुलिस ने पाया कि आवेदक के दादा स्व. उमाशंकर के द्वारा जगदल्ला निवासी सुनहर गोड़ से अतिरिक्त जिलाधीश बिलासपुर से विक्रय कि अनुमति प्राप्त कर ग्राम जगदल्ला स्थित भूमि खसरा नं. 473, रकबा 1.13 एकड़ भूमि को पंजीकृत विक्रयनामा 19 नवंबर 1976 को निष्पादित किया गया था। जिसे सुनहर गोड़ के परनाती रामसिंह गोड़ के द्वारा सुनहर गोड़ की फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर उसका उपयोग कर पूर्व से इसके दादा उमाशंकर साव के द्वारा खरीदे गये भूमि का नामांतरण निरस्त कराने एवं प्रार्थी के पूर्वज द्वारा विधिवत क्रय की गई भूमि से अनुचित लाभ प्राप्त करने की मंशा से विधिविरूद्ध पूर्ण उपयोग एवं प्रयोग किया गया है। जांच पर अपराध धारा सदर का पाये जाने से थाना चाम्पा में अपराध क्रमांक 50/2026 धारा 420,467, 468,471,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही मे लिया गया। विवेचना दौरान प्रार्थी गवाहों के कथनानुसार ग्राम जगदल्ला स्थित भूमि खरारा नं. 473, रकबा 1.13 एकड़ भूमि को पंजीकृत विक्रय नामा 19 नवंबर 1976 निष्पादित किया गया था। रामसिंह गोड़ को सुनहर की वास्तविक मृत्यु तिथि 14 अक्टूबर 1979 पंजीयन 15 अक्टूबर 1979 नगर पालिका परिषद का ज्ञान होते हुए भी वर्ष 2016-17 में समकालीन ग्राम जगदल्ला के पार्षद पटवारी एवं नगर पालिका के कर्मचारी से मिली भगत कर कुटरचित दस्तावेजों के आधार पर सुनहर गोड़ का मृत्यु प्रमाण पत्र मृत्यु 4 मई 1970 जारी 20 नवंबर 2017 को बनवाया गया। बताया जाता है कि सुनहर गोड़ के परनाती रामसिंह गोड़ के द्वारा सुनहर गोड़ की फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर उसका उपयोग कर पूर्व से इसके दादा उमाशंकर साव के द्वारा खरीदे गये भूमि का नामांतरण निरस्त कराने एवं प्रार्थी के पूर्वज द्वारा विधिवत क्रय की गई भूमि से अनुचित लाभ प्राप्त करने की मंशा से विधिविरूद्ध पूर्ण उपयोग एवं प्रयोग किया गया है पुलिस ने बताया कि इसके पश्चात रामसिंह गोड़ द्वारा कुटरचित दस्तावेजों के आधार पर बनाये गए मृत्यु प्रमाण पत्र को न्यायालयीन कार्यवाही के लिए उपयोग एवं प्रयोग किया तथा कुटरचित दस्तावेजों के आधार पर बनाये गये मृत्यु प्रमाण पत्र मृत्यु 4 मई 1970 का उपयोग कर प्रार्थी एवं प्रार्थी के परिवार को मानसिक एवं आर्थिक नुकसान पहुंचाना पाया गया। इस पर पुलिस ने 20 फरवरी को आरोपी रामसिंह उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 26 जगदल्ला को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी चांपा निरीक्षक अशोक वैष्णव, उप निरीक्षक उमेन्द्र मिश्रा एवं थाना स्टाफ चांपा का योगदान रहा।

# चोरी की बाइक को बेचने के फिराक में घुम रहे दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चोरी की बाइक को खपाने के फिराक में घुम रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला जांजगीर थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 29 जनवरी की रात प्रार्थी जगजीवन कुर्रे, निवासी बिरगहनी के घर से अज्ञात चोरों द्वारा राशन सामग्री, एक मोटरसाइकिल एवं नगद राशि चोरी कर ली गई थी। प्रकरण दर्ज कर थाना जांजगीर पुलिस द्वारा विवेचना की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में पुलिस टीम आरोपियों की लगातार पतासाजी कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने के फिराक में दो व्यक्ति घूम रहे हैं। सूचना पर घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में अमृतलाल पटेल पिता रामलाल पटेल, उम्र 34 वर्ष निवासी राजापारा चांपा तथा घनश्याम लाल चौहान पिता जेठू राम चौहान, उम्र 37 वर्ष से पूछताछ की गई। घटना को स्वीकार करते हुए बताया कि राशन सामग्री और नकदी खर्च कर दी गई थी। आरोपियों के विरुद्ध धारा 331(4), 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### दिशा दर्शन भ्रमण के तहत महिला स्व सहायता समूह पुरी रवाना

**सक्ती।** जिला सक्ती अंतर्गत संचालित महिला स्व सहायता समूहों की अध्यक्षों एवं सदस्यों को दिशा दर्शन भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययन एवं अवलोकन हेतु जिला पुरी के लिए रवाना किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला स्व सहायता समूहों को सफल उत्पादक समूहों की कार्यप्रणाली, प्रबंधन, विपणन व्यवस्था एवं स्वरोजगार मॉडल का प्रत्यक्ष अध्ययन कराना है, ताकि वे अपने जिले में भी इन मॉडलों को अपनाकर आर्थिक गतिविधियों को सशक्त बना सकें। भ्रमण के दौरान समूह की महिलाएं जिला पुरी के महिला स्व सहायता उत्पादक समूहों के कार्यों का अवलोकन करेंगी। साथ ही वे पुरी एवं भुवनेश्वर के विभिन्न प्रमुख स्थलों का निरीक्षण भी करेंगी, जिससे उन्हें नए अनुभव प्राप्त होंगे।

# बोर्ड परीक्षा का आगाज, प्रत्येक केन्द्रों में पूर समय बैठी रही टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे डीईओ

12वीं भौतिक शास्त्र एवं भूगोल विषय के साथ ही बोर्ड परीक्षाओं का महाकुंभ शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। इस दौरान प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में निरीक्षण टीम पूरे समय तक बैठी रही। बोर्ड परीक्षा को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

गौरतलब है कि जिले में संचालित हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष के लिए शुक्रवार 20 फरवरी को कक्षा 12वीं विषय भूगोल एवं भौतिक शास्त्र की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हुई। इधर बोर्ड परीक्षा को लेकर नकल रोकने टीम पूरे समय परीक्षा केन्द्र में मुस्तैद रही। नकल रोकने को लेकर उडनदस्ता टीम के अलावा जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा द्वारा भी विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। बारहवीं बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 8 हजार 17 दर्ज परीक्षार्थियों में 7 हजार 910 उपस्थित एवं 107 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विकासखण्ड अकलतरा में 1166 दर्ज परीक्षार्थियों में से 1152 उपस्थित, 14 अनुपस्थित, बलौदा विकासखण्ड में 940 दर्ज परीक्षार्थियों में से 925 उपस्थित रहे। 15 अनुपस्थित, बम्हनीडीह विकासखण्ड में 1279 दर्ज परीक्षार्थियों में से 1263 उपस्थित, 16 अनुपस्थित, नवागढ़ विकासखण्ड में 2659 दर्ज परीक्षार्थियों में से 2638 उपस्थित, 21 अनुपस्थित, पामगढ़ विकासखण्ड में 1973 दर्ज परीक्षार्थियों में से 1932 उपस्थित, 41 अनुपस्थित थे। नकल प्रकरण निरंक। जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गठित निरीक्षण दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इनमें शाउमावि सिवनी नैला, शाउमावि जर्वे, विद्या भारती संस्कृत विद्यालय गोवाबंद, शाकउमावि बलौदा में जांच की गई। नियमित रूप से विद्यालय संचालन एवं विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों का भी अवलोकन किया गया।

# घर घुसकर प्राणघातक हमला करने वाले 4 आरोपी चढे पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

■ नवागढ थाना क्षेत्र के ग्राम बुढेना में हुई घटना

घर अंदर घुस कर प्राण घातक हमला करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बुढेना का है।

इस संबंध में नवागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुढेना निवासी प्रार्थी दिनेश कश्यप द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि गुरूवार 19 फरवरी को आरोपियों द्वारा डंडा लेकर घर अंदर घुस कर अश्लील गाली गलौज करते हुए घर में लगे पुराने ईट का बंटवारा नहीं दे रहे हो कह कर गणेश कश्यप, चंद्रहास कश्यप टागी से प्रार्थी एवं उसकी पत्नी को जान से मारने की नीयत से मारपीट किया। इतना ही नहीं रिकेश कश्यप को चंद्रपाल एवं दूरपति दोनों अपने हाथ में रखें लकड़ी के डंडा से सर में मार कर प्राण घातक हमला किया। रिपोर्ट थाना नवागढ़ में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय द्वारा प्रकरण के आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देशन पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विजय कुमार पैकरा के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक कमलेश शेंडे के नेतृत्व कार्यवाही करते हुवे आरोपी को पकड़ कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## सड़क पर दुकानें और बेतरतीब पार्किंग से लगता है जाम

# बेलगाम हुई सक्ती शहर की यातायात व्यवस्था, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती


पार्किंग व्यवस्था दुरूस्त करने को लेकर सड़क पर उतरे यातायात प्रभारी।

सक्ती शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह से बेलगाम हो गई है। शहर के व्यवस्तम मार्गों पर सड़क पर दुकानें के सजने और जहां तहां बेतरतीब पार्किंग करने से अक्सर जाम लग जाता है। खास करके शाम के समय तो प्रमुख मार्गो पर जाम की समस्या आम हो गई है।

जिला बनने के बाद भी सक्ती शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त नहीं हो सकी है। कहने को तो जिले में ट्रेफिक का अमला मुस्तैद है, लेकिन गाडियों की बेतरतीब पार्किंग और दुकान के सामने सामान लगाने की प्रवृत्ति ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। कार्रवाई नहीं होने से दुकानदार व वाहन चालकों के हौसले बुलंद होते चले जा रहे है। खास करके शाम के समय शहर के व्यवस्तम मार्गो पर जाम लगने की समस्या रोज की बात हो गई है। जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### ट्रैफिक व्यवस्था दुरूस्त करने सड़क पर उतरे यातायात प्रभारी

सक्ती के हटरी रोड में शुक्रवार 20 फरवरी को यातायात प्रभारी निरीक्षक वाय.एन.शर्मा यातायात टीम के साथ उतरें। आम नागरिको द्वारा बार-बार शिकायत की जा रही है कि बुधवारी बाजार से हटरी रोड, परशुराम चैक एवं आगे रोड पर दुकानदार सामान बाहर तक निकाल लेते है तथा अपनी निजी वाहन रोड पर ही पार्क करते है तथा सामान उतारने के लिए आमने-सामने के दुकानदार कई बार एक साथ अपने दुकान के सामने वाहन खड़ी करा लेते है जिसके कारण न केवल आवागमन बाधित होता है बल्कि आम लोगो का आवागमन भी प्रभावित होता हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार 20 फरवरी को 11 बजे यातायात प्रभारी निरीक्षक वाय.एन.शर्मा ने अपनी टीम के साथ पूरे रोड पर पैदल भ्रमण किया एवं दुकानदारो को सामान रोड से हटाने की समझाईस दी गई तथा रोड पर गाड़ी खड़ी नही करने के संबंध मे एलाउंस कराया गया, ताकि हटरी रोड से आने जाने वाले लोगो को किसी प्रकार की परेशानी का सामना करना न पड़े। सक्ती के जिला बनने के बाद काफी संख्या में लोग सामानों की खरीदी सहित अन्य कामकाज को लेकर जैजैपुर डभरा, मालखरौदा सहित सक्ती ब्लाक के लोग बड़ी संख्या में शहर पहुंचते है।

# धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं उसके कब्जे से बटनदार चाकू भी बरामद किया गया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पेण्ड्री का है।

इस संबंध में सिटी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हाईवे रोड स्थित जगमोहन पेट्रोल पंप के पास बस स्टैंड प्रतीक्षालय के समीप एक युवक धारदार हथियार लेकर आने-जाने वालों को डरा रहा है। सूचना मिलते ही मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप एवं सीएसपी योगिता खापर्डे को दी गई। अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता के मार्गदर्शन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम तुषार कश्यप उम्र 20 वर्ष, निवासी पेण्ड्री जांजगीर होना बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक नग बटनदार चाकू बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक भागवत डहरिया, प्रधान आरक्षक राकेश तिवारी, आरक्षक वाल्मीकि राठौर एवं नीतीश विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बने शेर खान



**अकलतरा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं महामंत्री प्रदेश संगठन पवन साय के मार्गदर्शन, प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान के निर्देशानुसार व भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े के सहमति से अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह जब्बल के द्वारा ग्राम कोटमीसोनार के भाजपा कार्यकर्ता शेर खान को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर शेर खान ने संगठन के पदाधिकारीयों एवं छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहां की पार्टी द्वारा दिए गए जिम्मेदारी का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए पार्टी के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को अल्पसंख्यक लोगों तक पहुंचा कर उन्हें पार्टी से जोड़ते हुए पार्टी को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। शेरखान की नियुक्ति पर मुस्लिम समाज कोटमीसोनार के अध्यक्ष डॉ अलीम खान ,मुस्लिम यंग कमेटी के अध्यक्ष कासीम बेग ,डॉ नफीस खान ,मो इदरीस ,अल्ताफ खान, मेराज खान, राजा खान कासम खान ,सलीम खान सहित भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई है।

### बंधनबैंक के रूप में क्षेत्रवासियों को मिली नई बैंकिंग सुविधा




**अकलतरा।** नगरवासियों के लिए बैंकिंग सुविधाओं के क्षेत्र में एक नई सौगात के रूप में अकलतरा शाखा में आज से ब्रांच बैंकिंग सेवाओं की औपचारिक शुरुआत कर दी गई। अब ग्राहकों को बैंक के माध्यम से आरटीजीएस, एनईएफटी , चेक से निकासी सहित अन्य सभी आधुनिक बैंकिंग सुविधाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।नई सेवाओं का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी की उपस्थिति में विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक राजकुमार यादव ने बताया कि बैंक का उद्देश्य क्षेत्र के ग्राहकों को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करना है, ताकि उन्हें अन्य शहरों पर निर्भर न रहना पड़े।कार्यक्रम में एरिया मैनेजर मंजू , वरिष्ठ अधिकारी सुब्रतो , आईटी प्रभारी नरेश पटेल सहित बैंक के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अतिथियों ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।बैंक प्रबंधन ने बताया कि नई सुविधाओं के शुरू होने से व्यापारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को धन अंतरण, भुगतान और नकद निकासी संबंधी कार्यों में काफी सहूलियत मिलेगी।

### सेवादल सोशल मीडिया छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयोजक बने मनोज पाटेकर



**जांजगीर-चांपा।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल सोशल मीडिया, छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयोजक के रूप में मनोज कुमार पाटेकर को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति के लिए संगठन प्रमुख लालजी देसाई, राष्ट्रीय संयोजक परवीन, सेवादल यंग ब्रिगेड छत्तीसगढ़ की प्रदेश अध्यक्ष मनोरमा पाटेकर एवं सेवादल सोशल मीडिया के सभी सदस्यगणों के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया। श्री पाटेकर ने कहा कि यह दायित्व उनके लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि संगठन की विचारधारा और मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पूरी निष्ठा, समर्पण और मेहनत के साथ इस जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।

### बम्हनीडीह भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष बने भुपेंद्र

**बम्हनीडीह।** भारतीय जनता पार्टी के बम्हनीडीह मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष के लिए भाजपा सक्ती जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल ने पार्टी की अनुमति से यह नियुक्ति की है। जारी पत्र के अनुसार भुपेंद्र डडसेना को बम्हनीडीह मंडल का किसान मोर्चा अध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा द्वारा लगातार युवाओं को संगठन में जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। भुपेंद्र डडसेना की नियुक्ति भी इसी दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। इससे पहले वे मंडल स्तर पर कई कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं पार्टी को उम्मीद है कि वे संगठन को और मजबूत करेंगे। यह नियुक्ति भाजपा की सांगठनिक मजबूती की दिशा में एक रणनीतिक निर्णय माना जा रहा है । भुपेंद्र डडसेना की नियुक्ति के बाद बम्हनीडीह क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया।

---

## लीनेस क्लब जांजगीर-जाज्वल्या का कैंसर जागरूकता सेमिनार

# सही जानकारी और जीवनशैली में बदलाव से कैंसर के जोखिम को किया जा सकता है कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सीजी-1,स्वर्णिम छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित लीनेस क्लब जांजगीर-जाज्वल्या ने पी.एम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय सेजेस क्रमांक एक में विशेष कैंसर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य समाज में कैंसर के प्रति व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना और इसके शुरुआती लक्षणों के बारे में जानकारी फैलाना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में डॉक्टर आलोक मंगलम उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य परमेश्वरी सोनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में हेमलता शर्मा सहायक परियोजना समन्वयक उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्ष लीनेस क्लब जांजगीर लीनेस सरिता शर्मा,सचिव लीनेस जूही गौरहा,कोषाध्यक्ष लीनेस नामिषा थवाईत, सहसचिव लीनेस प्राची पाण्डेय,पी.आर.ओ लीनेस सरोज पाटनी,एनसीसी ऑफिसर दिनेश रोहित चतुर्वेदी,खेल शिक्षिका शालिनी कश्यप,शिक्षक अंकित राठौर उपस्थित थे। सेमिनार के प्रमुख वक्ता डॉक्टर आलोक मंगलम ने समय पर निदान के महत्व पर जोर दिया, जो कैंसर से बचाव और इलाज का सबसे प्रभावी तरीका है।



सेमिनार में उपस्थित अतिथि एवं लीनेस क्लब की पदाधिकारी।

सेमिनार के दौरान, कैंसर कोशिकाओं के अनियंत्रित प्रसार और इसके प्रमुख चेतावनी संकेतों (जैसे वजन कम होना, लगातार थकान, या दर्द) पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉक्टर मंगलम ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सही जानकारी और जीवनशैली में बदलाव से कैंसर के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। लीनेस क्लब के सभी सदस्यों ने सेमिनार में उपस्थित सभी छात्र एवं छात्राओं एवं आम नागरिकों से आग्रह किया कि वे किसी भी प्रकार का नशा मत करें, कैंसर के प्रति सतर्क रहें और लक्षणों को नज़रअंदाज़ न करें। सेमिनार में स्वागत भाषण लीनेस अध्यक्ष सरिता शर्मा, मंच संचालन सचिव लीनेस जूही गौरहा एवं आभार प्रदर्शन लीनेस सहसचिव प्राची पाण्डेय ने किया । कार्यक्रम के अंत मे लीनेस क्लब जांजगीर के सदस्यों ने मुख्यअतिथि डॉक्टर आलोक मंगलम, विशिष्ट अतिथि हेमलता शर्मा सहायक परियोजना समन्वयक एवं कार्यक्रम की अध्यक्ष प्राचार्य परमेश्वरी सोनी को शाल एवं श्री फल भेट कर सम्मानित किया।

---

# जेएसडब्ल्यू महानदी प्लांट में लगा रक्तदान शिविर

## अधिकारी-कर्मचारियों 50 से अधिक यूनिट किया ब्लड डोनेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नरियरा-तरौद क्षेत्र में संचालित जेएसडब्ल्यू महानदी पावर कंपनी लिमिटेड द्वारा विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सकीय स्टाफ की उपस्थिति में प्रबंधन के अधिकारी-कर्मचारियों ने 50 से अधिक यूनिट ब्लड डोनेट किया।

शुक्रवार 20 फरवरी को जेएसडब्ल्यू महानदी पावर कंपनी में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदान करने प्रबंधन के अधिकारी-कर्मचारियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। जेएसडब्ल्यू महानदी पावर कंपनी के अधिकारियों के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में सुबह से ही अधिकारी-कर्मचारियों में रक्तदान करने विशेष उत्साह दिखा। इसको लेकर चिकित्सकीय स्टाफ भी सुबह से तैनात रहा। पंजीयन के उपरांत प्रारंभिक परीक्षण और रक्तदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। इस दौरान प्रबंधन के अधिकारी और कर्मचारियों ने रक्तदान करने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में पंजीकृत अधिकारी-कर्मचारियों ने 51 यूनिट ब्लड डोनेट किया। इस अवसर पर प्रबंधन के अधिकारियों ने रक्तदान करने वाले कर्मचारी-अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए रक्तदान की महत्ता बताई। उपस्थित चिकित्सकों ने भी रक्तदान को महादान बताते हुए जीते जी रक्तदान एवं मरने के बाद देहदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रबंधन द्वारा रक्तदान करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं उपस्थित चिकित्सा की स्टाफ को भी प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।



रक्तदान करते कर्मचारी एवं प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित करते अधिकारी।

---

# 24 वें वसंत महोत्सव में सजी सुरों की शाम, शास्त्रीय संगीत के कलाकारों ने बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

■ स्व. एम.बी. रोकड़े की स्मृति में लिखमानिया धर्मशाला में हुआ आयोजन

स्व. एम.बी. रोकड़े की स्मृति में आयोजित 24वां बसंत संगीत समारोह भव्य एवं गरिमामय वातावरण में लिखमानिया धर्मशाला अकलतरा में संपन्न हुआ। यह आयोजन स्व. एम.बी. रोकड़े स्मृति समिति तथा छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति एवं राजभाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 17 फरवरी की रात्रि बेला में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे एवं अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लक्ष्मण मुकीम ने की। विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती अंबिका रोकड़े, कांग्रेसी नेत्री मंजू सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता सतीश दिवान, मंडल भाजपा अध्यक्ष गोपेश तुलस्यान तथा आप पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा शामिल रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में समिति को 24 वर्षों से निरंतर संगीत समारोह आयोजित करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि शास्त्रीय संगीत न केवल शुद्ध एवं उच्च कोटि का मनोरंजन प्रदान करता है, बल्कि मानसिक संतुलन और स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने युवाओं से शास्त्रीय संगीत सीखकर भारतीय सांगीतिक परंपरा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

कार्यक्रम अध्यक्ष लक्ष्मण मुकीम ने कहा कि संगीत के सातों स्वर शास्त्रीय परंपरा से ही विकसित हुए हैं और इन्हें वैज्ञानिक ढंग से व्यवस्थित किया गया है। शास्त्रीय संगीत के सुरों से वातावरण अलौकिक आनंद से भर उठता है। मंजू सिंह ने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए इस क्षेत्र वासियों के लिए शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि बताया। समारोह का शुभारंभ राग भूपाली में काव्यांश श्रीवास द्वारा माँ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसमें तबला संगत अश्विनी श्रीवास ने दी। रमेश सोनी के कविता पाठ ने महफिल को भावपूर्ण बना दिया। हर्षा नायक और रविकुमार ने भजन, ग़जल व कव्वाली प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कलकत्ता से आए युवा कलाकार एवं के शिष्य सुदीप्तो चक्रवर्ती ने राग हंसध्वनि में ख्याल "लागी लगन" सहित ठुमरी और दादरा की मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं बिलासपुर के मनोज जायसवाल ने सितार पर राग चारुकेशी और किरवानी की शानदार प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं।समारोह का समापन के.आर. कश्यप, संतोष अग्रवाल एवं पं. बलभद्र शुक्ला द्वारा राग भैरवी की प्रसिद्ध बंदिश "भवानी दयानी" की युगल प्रस्तुति से हुआ।कार्यक्रम का सफल संचालन पुरुषोत्तम नामदेव ने किया तथा आभार प्रदर्शन नवल अग्रवाल ने किया। समारोह में नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं संगीत प्रेमियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

---

# ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह

**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव सहित गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पुरस्कार प्रदान किए। अपने प्रेरणादायी संबोधन में प्राचार्य श्री यादव ने कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। विद्यार्थियों को जीवन में उच्च आदर्श स्थापित करने के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के हिंदी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम के अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय के उन शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में विशेष योगदान दिया। उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान व्यक्त किया गया। विद्यालय में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। विभिन्न सह-शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहन स्वरूप टिफिन, बॉटल, कंपॉक्स आदि उपयोगी उपहार वितरित किए गए। समारोह को और भी आकर्षक बनाने हेतु विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। देशभक्ति एवं पारंपरिक गीतों पर आधारित प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया तथा दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



---

# विद्यालय वह मंच जहां बच्चों के सपनों को मिलता है आकार



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते नन्हें-मुन्हें बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

■ दिल्ली पब्लिक स्कूल में उल्लास के साथ मनाया गया अभिभावक दिवस

दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित अभिभावक दिवस हर्ष, उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कक्षा पहली के छात्र अभीयुक्त देवांगन ने आत्मविश्वास से परिपूर्ण स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। बालवाटिका प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, जे.सी. एवं के.सी., प्री-नर्सरी तथा कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने मनमोहक एवं रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में अभिभावकों के लिए रोचक अन्त्याक्षरी जैसे खेलों का आयोजन किया गया, जिनका संचालन शिक्षिका रानी राजपूत एवं नेहा श्रीवास्तव द्वारा उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा ''मिस एंड मास्टर डी.पी.एस.'' रैंप वॉक प्रतियोगिता, जहाँ अपने अभिभावकों के संग बच्चों ने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। नन्हें प्रतिभागियों की मासूम अदा और प्रभावशाली प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह ने कहा-'' हर बच्चा एक अनमोल कलाकृति है, जिसे प्रेम, संस्कार और मार्गदर्शन की रंगत से संवारा जाता है। विद्यालय वह मंच है, जहाँ बच्चों के सपनों को आकार मिलता है और अभिभावक वह शक्ति है, जो उन सपनों को ऊंचाइयों तक पहुंचाती है।'' उन्होंने आश्वस्त किया कि ''विद्यालय सदैव नवाचार, सृजनात्मक गतिविधियों और नैतिक मूल्यों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध रहेगा।'' वहीं शिक्षिका प्रीति रंजन द्वारा विशेष प्रेरणादायी भाषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने विद्यालय-अभिभावक समन्वय को बच्चों की प्रगति का आधार बताया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विद्यालय की संरक्षिका श्रीमती मीना देवी देवांगन, विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्य श्रीमती ज्योति देवांगन एवं प्राचार्या श्रीमती कल्पना सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों को स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अपूर्वा देवांगन एवं प्रियांशी राठौर द्वारा किया गया तथा कक्षा पहली के छात्र क्रिश केसरी द्वाराधन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

---

### विधायक के प्रयास से 1 करोड़ से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप के प्रयास से विधानसभा जांजगीर-चांपा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायतों में 1 करोड़ 76 लाख रूपये के विकास कार्यो को स्वीकृति मिली है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत दर्री में धरमू साहू के घर से चंद्रशेखर यादव के घर की तरफ पक्की नाली निर्माण के लिए 5 लाख रू., शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला दर्री में अहाता निर्माण के लिए 16.68 लाख रू., ग्राम दर्री के आंगनबाड़ी भवन केन्द्र क्र. 02 में भवन मरम्मत के लिए 3 लाख रू. एवं शौचालय निर्माण के लिए 50 लाख रू. ग्राम पंचायत जगमहंत के दर्रीपारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रू., आरतहरण के घर से दर्री तालाब की ओर नाली निर्माण के लिए 8.18 लाख रू., आंगनबाड़ी भवन मरम्मत के लिए 3 लाख रू, एवं आंगनबाड़ी भवन केन्द्र क्र. 1 में शौचालय निर्माण के लिए 1 लाख रू., ग्राम पंचायत भैसदा में मुक्तिधाम शेड एवं प्रतिक्षालय निर्माण के लिए 7 लाख रू. खोलबहरा सूर्यवंशी के घर से कोलिहाभाठा की ओर नाली निर्माण के लिए 8.68 लाख रू. आंगनबाड़ी केन्द्र क्र. 02 में भवन मरम्मत के लिए 2.00 लाख रू. एवं शौचालय निर्माण के लिए 0.50 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

---



# पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को सतत परिश्रम करते रहने दी सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ बच्चो ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय और साइबर थाना का किया शैक्षणिक भ्रमण

डेस्टिनेशन इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर के क्लास 6 से क्लास 11 वी के बच्चो ने 20 फरवरी को शैक्षणिक भ्रमण किया। जिले के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने बच्चो को पुलिस कार्यालय से संबंधित सभी कार्यों के बारे में जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक ने कंट्रोल रूम से जिले के अन्य थानों को निर्देश देना और कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से कैसे संचालित किया जाता है इसको लेकर स्कूल के बच्चो को जानकारी दी। बच्चो ने एसपी से आईपीएस अधिकारी कैसे बनते है इसको लेकर सवाल किये। अधीक्षक विजय पांडेय ने बच्चो को सतत परिश्रम करते रहने की सीख दी। बच्चो को अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने भविष्य में करियर से जुड़े विकल्पों के बारे में बच्चो को जागरूक किया। बच्चो ने श्री कश्यप से मिलिट्री, नेवी, और एयर फोर्स सेवाओं से जुड़े हुए सवाल किये। श्री कश्यप ने बच्चो का हौसला बढ़ाया और उनका मार्गदर्शन किया । साइबर थाने में थाने के निरीक्षक सागर पाठक ने बच्चो को साइबर अपराध से जुड़ी जानकारी साझा की और बच्चो को सोशल नेटवर्किंग साइट्स जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक से दूर रहने के लिए मार्गदर्शन किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में संस्था प्रमुख रवि शंकर निर्मलकर, उप प्राचार्य श्रीमती श्रद्धा निर्मलकर संस्था के शिक्षक शिवम,आशीष,संजय, मनीष, मनीष देवांगन, सुशीला , वर्षा, राजेश्वरी , प्रतीक्षा, बाबा भैया, दिनेश ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया ।

---

### नवधा रामायण 5 से

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत करही के बाजार चौक में श्री अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन 5 मार्च से रखा गया है। जोगेंद्र कुमार कश्यप ने बताया कि अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन 5 मार्च दिन गुरुवार को शुभारंभ किया जाएगा। व्यास आचार्य विजय गुरुद्वान होंगे। नवधा रामायण का समापन 14 मार्च दिन शनिवार को होगा।

---

**न्यायालय तहसीलदार सारागांव, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्र./656/वा./तह. / 2025
सारागांव, दि. 16/02/2026
रा.प्र.क्र...... /ब-107/2025-26
ग्राम-सारागांव प.ह.नं 12

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रमेन्द्र कुमार राठौर आ. उत्तम कुमार राठौर जाति राठौर निवासी ग्राम सारागांव तहसील सारागांव जिला जांजगीर-चांपा द्वारा साहूकारी लायसेंस प्रदान करने हेतु आवेदन, शपथ पत्र, आधारकार्ड, पेन कार्ड, आयकर रिटर्न की प्रति के साथ के पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो तो वह स्वतः या वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 02/03/2026 के 10:30 बजे तक पेश कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार से विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन सील द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार
सारागांव

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# 'तेरा यार हूं मैं' का फर्स्ट लुक आया सामने...

**मुंबई।** पिछले साल आई रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' के निर्देशक मिलाप जावेरी की नई फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी गई है। इस बार मिलाप जावेरी प्यार, दर्द और संगीत की कहानी 'तेरा यार हूं मैं' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म से निर्देशक इंद्र कुमार के बेटे बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म की घोषणा करते हुए एक मोशन पोस्टर जारी किया है। इसमें फिल्म के लीड कलाकार अमन इंद्र कुमार और आकांक्षा शर्मा नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# कनी

## कोई नहीं समझ सकता दुष्कर्म पीड़िता का दर्द

अभिनेत्री कनी कुश्रुति ने दुष्कर्म पीड़िता के दर्द को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे फिल्म 'अस्सी' के दौरान उन्हें कानूनी प्रक्रिया को समझने का मौका मिला। हुमा कुरैशी स्टारर हिट वेब सीरीज 'महारानी' में कावेरी के किरदार से सुर्खियां बटोरने वाली अभिनेत्री कनी कुश्रुति जल्द ही अनुभव सिन्हा की फिल्म 'अस्सी' में नजर आएंगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस फिल्म में एक दुष्कर्म पीड़िता का किरदार निभा रही हैं। इस दौरान अभिनेत्री ने फिल्म में अपने किरदार को लेकर बात की। उनका कहना है कि दुष्कर्म पीड़िता के दर्द को पूरी तरह समझना असंभव है। कनी कुश्रुति ने अपने किरदार को लेकर कहा कि मुझे नहीं लगता कि कोई भी दुष्कर्म पीड़िता के दर्द को हूबहू महसूस कर सकता है। एक अभिनेत्री के रूप में हमने इसके सबसे करीब पहुंचने की कोशिश की। कई बार ऐसा लगता है कि आप उस स्थिति में हैं, क्योंकि आपको लगभग यकीन हो जाता है कि यह आपके साथ हुआ है। लेकिन, मैं ऐसी अभिनेत्री नहीं हूं जो पूरी तरह से उस स्थिति में उतर जाए, क्योंकि इससे आप पर असर पड़ेगा। मैं ऐसा नहीं करती।बचपन से लेकर अब तक इस देश में पली-बढ़ी एक महिला के रूप में, क्या मुझे इस तरह के हमलों या आघातों का एहसास है? हां, शायद है, क्योंकि मेरे करीबी लोग इससे गुजरे हैं। इसलिए कभी-कभी यह उन चीजों में से एक है जिनसे आप अनजाने में ही जुड़ जाते हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि इस फिल्म ने उन्हें भारत में ऐसे मामलों में कानूनी व्यवस्था की प्रकृति को समझने में मदद की। अक्सर अदालती कार्यवाही अतीत के दर्द को फिर से ताजा कर सकती है।



हॉलीवुड मसाला



# प्युअर्टोरिको में निभाएंगे लीड रोल

**लॉस एंजिल्स।** प्योर्टो रिको के ग्लोबल सुपरस्टार बैड बनी अब बड़े पर्दे पर लीड रोल में नजर आने वाले हैं। वे ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म प्युअर्टोरिको में मुख्य भूमिका निभाएंगे। यह उनकी पहली फीचर फिल्म होगी। जिसमें वे बतौर लीड स्टार दिखाई देंगे। प्युअर्टोरिको को मेकर्स ने 'एपिक कैरेबियन वेस्टर्न' बताया है। यह फिल्म प्योर्टो रिको के इतिहास और उसकी जड़ों को सच्ची घटनाओं से प्रेरित कहानी के जरिए दिखाएगी। खास बात यह है कि फिल्म का निर्देशन ग्रैमी विनिंग रैपर रेसिडेंटे करेंगे।




# मार्डी ग्रास कार्यक्रम में भारी हंगामा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता शिया ला बियोफ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना मंगलवार सुबह न्यू ओरलीन्स के फ्रेंच क्वार्टर इलाके में हुई। हॉलीवुड अभिनेता शिया ला बियोफ पहले भी कई कानूनी विवादों में रह चुके हैं। अब एक नया मामला सामने आया है, जिसके बाद सीधे पुलिस को ला बियोफ को गिरफ्तार करना पड़ा। यह पूरा मामला मार्डी ग्रास कार्यक्रम से जुड़ा हुआ है। हॉलीवुड अभिनेता शिया ला बियोफ की मार्डी ग्रास कार्यक्रम के दौरान दो लोगों से मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तारी हुई है। पुलिस के मुताबिक, उनके पास रात करीब 12:45 बजे एक कॉल आया, जिसमें उन्हें बताया गया कि ला बियौफ हंगामा और आक्रामक व्यवहार कर रहे हैं। जब एक कर्मचारी ने एक्टर को वहां से बाहर निकालने की कोशिश की, तो बाहर आने के बाद अभिनेता ने एक व्यक्ति से मारपीट की।



# ऋतिक संग काम से एक्स बॉयफ्रेंड को जलन

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर ने अपने एक्स बॉयफ्रेंड को लेकर एक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि कैसे उनके एक्स बॉयफ्रेंड को उनके गुड लुकिंग हीरो के साथ काम करने पर जलन होती थी। मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म आ रही है दो दीवाने शहर में। इस फिल्म का दोनों खूब जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। ऐसे ही एक प्रमोशन के दौरान मृणाल बताती हैं कि कैसे उनके एक्स बॉयफ्रेंड को एक्ट्रेस के गुड लुकिंग स्टार ऋतिक रोशन और शाहिद कपूर के साथ काम करने से जलन होती थी। दरअसल, मृणाल से पूछा गया कि क्या वह सिक्योर इंसान हैं या फिर इनसिक्योर। मृणाल फिर अपनी एक स्टोरी बताती हैं कि कैसे उनके एक्स बॉयफ्रेंड को पसंद नहीं था एक्ट्रेस का किसी गुड लुकिंग एक्टर संग काम करना।



# डॉग लवर्स के लिए मस्त है फिल्म नेमार

**मुंबई।** अगर आप एक डॉग लवर हैं तो हम आपको जियो हॉटस्टार पर मौजूद एक फिल्म का नाम बता रहे हैं। ये फिल्म साल 2023 में रिलीज हुई थी। ये मलायालम फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। अगर अभी तक आपने ये फिल्म नहीं देखी है तो इस वीकेंड पर जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसका नाम है नेमार। फिल्म को सुधी मैडिसन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की कहानी की बात करें तो फिल्म का मेन किरदार एक कुत्ता है जिसका नाम नेमार होता है। नेमार नाम ब्राजील के एक पॉपुलर फुटबॉलर के नाम पर इस नाम को रखा गया है। फिल्म में इस बात की ओर इशारा भी किया जाता है। नेमार के प्लॉट की बात करें तो दो दोस्त एक लड़की को इम्प्रेस करने के लिए एक कुत्ते को अडॉप्ट करते हैं।

टीवी मसाला



# साइको सैयां का ट्रेलर रिलीज जुनूनी आशिक बने रवि किशन

**नई दिल्ली।** रवि किशन एक मंझे हुए कलाकार हैं, हर किरदार में जान डाल देते हैं। गुरुवार को उनकी अपकमिंग सीरीज 'साइको सैयां' का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसमें 'नागिन' से फेमस हुईं टीवी एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश भी एक अहम किरदार निभा रही हैं। दो मिनट के इस ट्रेलर में सबसे पहले कार्तिक (अनुद सिंह) की एंट्री होती है। वह उज्जैन का एक लड़का है, जिसकी दुनिया तब उलट जाती है, जब वह चारू से मिलता है। चारू का रोल तेजस्वी प्रकाश ने निभाया है। ट्रेलर में पहले रोमांस नजर आता है, लेकिन जैसे जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, कार्तिक का प्यार जुनून में बदल जाता है। वह शहर में चारू का पीछा करता है। जो भी चारू के करीब आता है, उसे रास्ते से हटाने के लिए कड़े कदम भी उठाता है। फिर ट्रेलर में नजर आते हैं, रवि किशन। वह भी इस सीरीज में एक और जुननी आशिक बने हैं। उनके किरदार की एंट्री के बाद कहानी में नए ट्विस्ट आते हैं। इस सीरीज में अपने किरदार के बारे में रवि किशन कहते हैं, 'मेरे किरदार अपने ही नियमों से खेलता है और अपने साथ एक तरह की अनप्रेडिक्टेबिलिटी लाता है। यह एक इंटेंस, बेबाक रोल है। इसे करने में मुझे मजा आया।' इस सीरीज से ओटीटी पर तेजस्वी प्रकाश डेब्यू कर रही हैं। वह कहती हैं, 'साइको सैयां से ओटीटी पर डेब्यू कर रही हूं। मेरे रोल काफी लेयर्ड हैं। मैं इस रोल के लिए शुक्रगुजार हूं।' इस सीरीज में सृष्टि श्रीवास्तव, सुरभि चंदना, वरुण भगत, अश्विनी कालसेकर और यशपाल शर्मा भी सपोर्टिंग रोल में हैं। 'साइको सैयां' 25 फरवरी से अमेजन एमएक्स प्लेयर, प्राइम वीडियो जैसे सभी प्लेटफॉर्म पर फ्री में स्ट्रीम होगी।

## द 50' में नहीं थम रहा झगड़ा का सिलसिला


**नई दिल्ली।** इन दिनों टीवी पर एक नया रियलिटी शो 'द 50' दर्शकों को एंटरटेनमेंट की भरपूर डोज दे रहा है। इस शो में भी 'बिग बॉस' की तरफ आए दिन झगड़े और फसाद होते हैं। हालिया रिलीज प्रोमो में टीवी एक्ट्रेस रिद्धिमा पंडित का एक दूसरी प्रतियोगी से जमकर झगड़ा हुआ। रिद्धिमा पंडित को टीवी सीरियल 'बहू हमारी रजनीकांत' के जरिए खूब फेम मिला। 'द 50' के प्रोमो में एक्टर प्रिंस नरुला ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हर शख्स को फिनाले तक नहीं ले जा सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि किसी भी प्रतियोगी के साथ भेदभाव नहीं हुआ। इस दिव्या अग्रवाल ने एक प्रतियोगी का नाम लिया। इस पर रिद्धिमा, दिव्या से बहस करने लगीं। वह कहती हैं कि यह हर कोई एक गैंग में भी अपना-अपना ग्रुप बनाकर चल रहा है। इसके अलावा रिद्धिमा ने दिव्या को कहा कि वह यहां की बॉस नहीं है, तो वह उनकी नहीं सुनेगी।



# 44 करोड़ के बजट में बनी फिल्म ने छाप डाले 342 करोड़, झटके 4 नेशनल अवॉर्ड

*बॉलीवुड की वो फिल्म जो महज 44 करोड़ के बजट में बनी थी, लेकिन इसने बॉक्स-ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की थी। फिल्म ने शानदार कलेक्शन दर्ज करने के साथ ही 4 नेशनल अवॉड्‌र्स जीते थे। ये फिल्म लीड एक्टर और डायरेक्टर दोनों के कॅरियर के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुई थी। भारतीय सिनेमा में अब बड़े बजट की फिल्में आम होती जा रही हैं। आज कई प्रोजेक्ट्स 500 करोड़ रुपए या उससे ज्यादा की लागत में बन रहे हैं। भारी-भरकम बजट में बन रही इन फिल्मों की खासियत बड़े सितारे, भव्य सेट और हाई-एंड वीएफएक्स से हैं। नीतेश तिवारी की रामायण को अबतक की सबसे महंगी फिल्म बताया जा रहा हैं। फिल्मों की कामयाबी सिर्फ बजट से तय नहीं होती हैं। कई कम बजट फिल्मों ने शानदार कलेक्शन दर्ज कर दमदार परफॉर्मेंस की. कई बार कम बजट की फिल्में भी दमदार कहानी और मजबूत प्रस्तुति के दम पर बड़ी सफलता हासिल कर लेती हैं। कुछ फिल्में सीमित संसाधनों के साथ चुपचाप शुरू होती हैं, लेकिन रिलीज के बाद इतिहास बना देती हैं। ऐसी ही एक वॉर ड्रामा फिल्म है जिसे नए डायरेक्टर और उस दौर के उभरते लीड अभिनेता ने मिलकर बनाई थी।*

**नई दिल्ली।** खास बात यह रही कि इतने भव्य प्रेजेंटेशन के बावजूद फिल्म बहुत कम बजट में तैयार हुई और बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल करते हुए बड़ी कमर्शियल हिट साबित हुई। फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' को आदित्य धर ने डायरेक्ट किया और विक्की कौशल ने लीड रोल निभाया। 2019 में रिलीज हुई इस फिल्म ने देशभक्ति के जज्बे और तेज डायलॉग्स के कारण दर्शकों का दिल जीत लिया। साथ ही, इंडस्ट्री के लोगों को भी इस बात ने प्रभावित किया कि फिल्म कितनी कुशलता से बनाई गई थी। 44 करोड़ के बजट में बनी 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' ने दुनियाभर में 342.73 करोड़ रुपए का कलेक्शन दर्ज किया था। 'उरी' उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल थी। पुराने इंटरव्यू में आदित्य धर ने शूटिंग के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बताया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें फिल्म के लिए उतना ही बजट मिला था, जितना नए डायरेक्टर्स को रामांटिक फिल्मों के लिए मिला था। फिर भी, उन्होंने उसी बजट में युद्ध फिल्म बनाने का फैसला किया। कहानी में पांच बड़े एक्शन सीक्वेंस थे, जिसमें चंदेल, म्यांमार और उरी अटैक के हिस्से शामिल थे। लेकिन, टीम के पास सिर्फ नौ स्टंट आर्टिस्ट थे, जिनसे ये मुश्किल सीन शूट करने थे।




***शूटिंग के लिए मौसम की स्थिति थी बहुत मुश्किल*** : इसका हल निकालने के लिए आदित्य धर ने स्मार्ट प्लानिंग की। वही नौ स्टंट परफॉर्मर्स कई सीक्वेंस में नजर आए। अलग-अलग दाढ़ी, चोट और मेकअप की मदद से उन्हें हर बार अलग किरदार के रूप में पेश किया गया। अगर ध्यान से देखें, तो कई सीन में वही चेहरे बार-बार दिखते हैं।

# प्रियंका ने वाराणसी को बताया कॅरियर डिफाइनिंग फिल्म...

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' को लेकर चर्चाओं में हैं। लेकिन अभिनेत्री एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वाराणसी' को लेकर काफी उत्साहित हैं। प्रियंका इस फिल्म से भारतीय सिनेमा में वापसी कर रही हैं। यही कारण है कि प्रियंका 'वाराणसी' को अपने लिए काफी खास फिल्म मानती हैं। प्रियंका चोपड़ा हाल ही में पति निक जोनस के साथ 'द ब्लफ' के वर्ल्ड प्रीमियर में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने 'वाराणसी' को लेकर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने इसे करियर-डिफाइनिंग बताते हुए कहा कि 'वाराणसी' उनके लिए एक महत्वपूर्ण फिल्म है। सात साल बाद किसी भारतीय फिल्म से दूर रहने के बाद, इस फिल्म को पहले से ही आने वाले समय की सबसे बड़ी सिनेमाई घटनाओं में से एक माना जा रहा है। प्रियंका ने निर्देशक राजामौली को भारत के सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्माताओं में से एक बताया। साथ ही कहा कि वो अपनी इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं। एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित 'वाराणसी' की घोषणा पिछले साल की गई थी। हैदराबाद में फिल्म का एक बड़ा इवेंट हुआ था, जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट नजर आई थी।



इस फिल्म में महेश बाबू रुद्र के किरदार में नजर आएंगे। वो फिल्म में भगवान राम के अवतार में भी दिखाई देंगे। इसके अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन विलेन की भूमिका निभाएंगे, उनके किरदार का नाम कुंभा है। जबकि प्रियंका चोपड़ा फिल्म में मंदाकिनी के किरदार में दिखाई देंगी।'

## हर बार अपने किरदार में पूरी तरह उतर जाया करते थे

# बॉलीवुड का इकलौता हीरो, जिन्हें मिला था बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *कई बार एक्टर के असली नाम पर उनका किरदार भारी पड़ गया है। यहां आज हम उस हीरो की बात कर रहे हैं जिन्हें फ्रांस के फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस के रोल से सम्मानित किया गया।कई बार फिल्मी सितारों के नाम पर उनका किरदार अधिक हावी हो जाता है। ये किरदार उन्हें दुनिया भर में वो पहचान दिलाते हैं, जिसके बाद लोग उनका नाम जानने की ललक रखते हैं। हिंदी सिनेमा और थिएटर की दुनिया के चमकते सितारे निर्मल पांडे ऐसे ही कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपनी अदाकारी से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई थी। इनका नाम एक ऐसे एक्टर के तौर पर फेमस है जो थे तो अभिनेता, लेकिन उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था। निर्मल पांडे की भूमिका चाहे बड़े पर्दे पर हो या छोटे पर्दे पर, वे हर बार अपने किरदार में पूरी तरह उतर जाया करते थे।*

### किन्नर किरदार के लिए मिला था अवॉर्ड

साल 1997 में फ्रांस के वैलेंसिएन्स फिल्म फेस्टिवल में निर्मल पांडे को फिल्म 'दायरा' में अपने किन्नर किरदार के लिए 'बेस्ट एक्ट्रेस' का अवॉर्ड मिला था, जिसके बाद तालियां गूंज उठी थी। वे इंडस्ट्री के इकलौते ऐसे पुरुष कलाकार थे, जिन्हें 'बेस्ट एक्ट्रेस' का अवॉर्ड दिया गया था।

### नैनीताल से थे

निर्मल पांडे का जन्म 10 अगस्त 1962 को उत्तराखंड के नैनीताल जिले में हुआ था। उनका असली नाम राजकुमार पांडे था। बचपन से ही उनकी रुचि एक्टिंग में थी। स्कूल और मोहल्ले में होने वाली रामलीला और नाटकों में वह हमेशा भाग लिया करते थे। अल्मोड़ा और नैनीताल में अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने अभिनय के सपनों को पूरा करने के लिए दिल्ली का रुख किया।

### पढ़ाई पूरी करने के बाद लंदन चले गए



एनएसडी की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह लंदन चले गए। वहां उन्होंने एक थिएटर ग्रुप के साथ जुड़कर लगभग 125 नाटकों में अभिनय किया। उन्होंने हीर-रांझा, एंटीगोन और कई अन्य क्लासिक नाटकों में अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी एक्टिंग विदेशी दर्शकों को भी बेहद पसंद आई।

### एनएसडी से एक्टिंग की पढ़ाई शुरू की

दिल्ली आने के बाद निर्मल पांडे ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) से एक्टिंग की पढ़ाई शुरू की। एनएसडी में उन्होंने थिएटर और अभिनय की बारीकियों को सीखा। इस दौरान उन्होंने नाटकों का निर्देशन भी करना शुरू किया और मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाते रहे।

### जीवन संघर्षों से भरा



निर्मल ने फिल्मों के साथ-साथ टीवी पर भी अपनी पहचान बनाई। उन्होंने हातिम और प्रिंसेस डॉली और उसका मैजिक बैग जैसे शो में विलन का किरदार निभाया। इसके अलावा, वे संगीत में भी रुचि रखते थे और 2002 में अपनी म्यूजिक एल्बम 'जज्बा' लॉन्च की। निर्मल पांडे का जीवन संघर्षों से भरा था। निर्मल पांडे का गाजियाबाद में एक एक्टिंग इंस्टिट्यूट, फ्रेश टैलेंट अकैडमी था, जहां उन्होंने थिएटर वर्कशॉप आयोजित किए। हार्ट अटैक के चलते 18 फरवरी 2010 को 47 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था।

### वैलेंसिएन्स फिल्म फेस्टिवल में मिला बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

निर्मल पांडे की खासियत यह थी कि वे किसी भी किरदार में पूरी तरह ढल जाते थे। यही वजह थी कि उन्हें अमोल पालेकर की फिल्म 'दायरा' में किन्नर के रोल के लिए 1997 में फ्रांस के वैलेंसिएन्स फिल्म फेस्टिवल में 'बेस्ट एक्ट्रेस' का अवॉर्ड मिला। फिल्म में उनके साथ सोनाली कुलकर्णी भी मुख्य किरदार में थीं। इसकी कहानी बेहद खास थी, जिसमें लड़की को लड़का बनना था और लड़के को लड़की। जब फिल्म के लिए अवॉर्ड मिला तो दोनों को किरदार के अनुसार सम्मानित किया गया, यानी निर्मल पांडे को बेस्ट एक्ट्रेस और सोनाली कुलकर्णी को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला।

## खबर संक्षेप

### भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला आज

**जांजगीर चांपा।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यशाला शनिवार 21 फरवरी को भाजपा कार्यालय जांजगीर में रखी गई है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत विगत दिनो कुशाभाऊ ठाकरे परिसर भाजपा कार्यालय रायपुर मे प्रांतीय कार्यशाला संपन्न हुई। इस दौरान प्रदेश व जिले के सभी अपेक्षित भाजपा नेता प्रांतीय कार्यशाला मे शामिल हुए। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने बताया की प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार शनिवार को जांजगीर मे भाजपा संगठन के प्रदेश संभाग व जिला के सभी नेतागण शामिल होंगे। कार्यशाला में अलग अलग सत्र मे वक्तागण अपने विषय को रखेंगे। श्री जांगड़े ने बताया की जिले की कार्यशाला के पश्चात सभी तेरह मंडलो में कार्यशाला आयोजित होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कार्यशाला में सभी कार्यकर्ताओ से उपस्थित होने आग्रह किया है।

### पिछड़ा वार्ड संगठन ने यूजीसी और आरक्षण लागू करने की मांग

**जांजगीर-चांपा।** कचंदा पिछड़ा वर्ग विकास संगठन के नेतृत्व में यूजीसी समानता कानून और पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर धरना दिया और एसडीएम जांजगीर को केंद्र और राज्य सरकार के नाम ज्ञापन सौपा गया और मांग किया गया कि जल्द ही यूजीसी क़ानून और पिछड़ा वर्ग के लंबित आरक्षण को लागू करने की मांग किया। मंच संचालन रामकुमार पटेल ने किया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष यादव, हरप्रसाद साहू सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़, द्वारिका प्रसाद यादव, हेतराम यादव, संग्राम सिंह यादव, सदीप यादव, भगेला राम कश्यप, किरण कुमार जग्गा,दिलहरन पटेल, पुनिराम पटेल ,सुश्री नीलम यादव, प्रभा साहू,सीता साहू सहित सैकड़ो ओबीसी बंधु उपस्थित थे।

### गौ उत्पाद एवं जैविक कृषि आधारित स्वरोजगार प्रशिक्षण आज से

**चांपा।** गौ माता के संरक्षण, संवर्धन एवं गौ आधारित आजीविका को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में भारतीय कुष्ठ निवारण संघ, गौशाला कात्रेनगर, चांपा के तत्वावधान में गौ उत्पाद एवं जैविक कृषि आधारित स्वरोजगार प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शनिवार 21 फरवरी सायं 5 बजे से बुधवार 25 फरवरी को दोपहर 2 बजे तक पांच दिवसीय पूर्ण आवासीय स्वरूप में संपन्न होगा। यह प्रशिक्षण पंचगव्य आधारित गौ उत्पाद निर्माण, जैविक एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों तथा गौ आधारित स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करना तथा युवाओं, महिलाओं एवं कृषकों को वैकल्पिक आय के स्थायी साधन उपलब्ध कराना है।प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को पूजा सामग्री (दीपक, धूपबत्ती, समरानी कप, माला, मूर्ति, अग्निहोत्र कंडा, हवन सामग्री), स्वच्छता सामग्री (गोनाइल, साबुन, शैम्पू, बर्तन धोने के उत्पाद), पंचगव्य आधारित औषधियाँ (सतद्योत घृत, अमृतांजन वाम, तक्रासव, सूरभी बाम, विभिन्न गौ अर्क) तथा सौंदर्य प्रसाधन (फेसवॉश, उबटन, फेस पैक, वर्ण निखार साबुन) के निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### लछनपुर में मड़ाई मेला एवं श्रीकृष्ण लीला का आयोजन 22 को

**देवरी-सारागांव।** बम्हनीडीह ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत लछनपुर (झरना) में सात दिवसीय श्रीकृष्ण लीला का शुभारंभ 14 फरवरी शनिवार की रात्रि मुकुट पूजा एवं कंस जन्म प्रसंग के साथ हुआ। प्रतिदिन रात्रि 9 बजे से देर रात तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज 21 फरवरी को ब्रह्ममोह लीला तथा धेनुकासुर वध की आकर्षक नाट्य प्रस्तुति होगी। 22 फरवरी रविवार को भव्य मड़ाई मेला आयोजित किया जाएगा। शाम को श्रीकृष्ण-राधा की मनोहारी झांकी गांव में भ्रमण करते हुए तालाब परिसर में विशेष दृश्य प्रस्तुत करेगी। रात्रि में कालिया मर्दन, राधा विवाह और दावानल लीला का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सुरेश कुमार, गीताराम, उपाध्यक्ष वेदराम, गनपत, कोषाध्यक्ष भानु, ध्वजाराम, सचिव नीलकंठ, धनीराम, परदेशी, सहसचिव दिलेश्वर, छतराम, बलराम सहित ग्रामवासी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

किसानों को फसल विविधीकरण व जैविक खेती के लिए किया जा रहा जागरूक

# ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन की खेती करें किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



कृषक चौपाल में किसानों को जानकारी देते अधिकारी।

ग्राम पंचायतों में कृषि पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। किसानों को फसल विविधीकरण व जैविक खेती के लिए जागरूक किया जा रहा है। किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने कहा गया। साथ ही आगामी खरीफ फसल के लिए रासायनिक उर्वरकों का अग्रिम उठाव करने तथा संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग करने की सलाह दी गई।

जिले के समस्त विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में 13 फरवरी से 3 मार्च तक कृषि पखवाड़ा अंतर्गत कृषक चौपालों का व्यापक आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत भद्रीपाली, बासीनपाठ, मानिकपुर, पलाड़ीखुर्द, लहंगा, मोहगांव, जर्वे , पोरथा, भेडापाली, जुनवानी, परसदाखुर्द, जोंग़रा, अमलडीह, सोंठी ,सुकलीपाली, बुंदेली, गोरखापाली, ढिमानी, पोता, कनईडीह, कलमी, चरौदा, अड़भार , सारसकेला, बरभाठा, अचरितपाली, घोघरी , कुरदी, बालपुर , लटेसरा, मड़वा, छोटे कटेकोनी, सिंघितराई , चुरतेली, जवाली,, कुरदी, बालपुर, लटेसरा, मड़वा, बगरैल, चूराघाठा, तेन्दुमुड़ी, मांजरकुद, दर्री, साल्हे, अकोलजमोरा, बलकरी, कलमीडीह, आमापाली, सलनी, दर्राभाठा, कचंदा, घोराडीपा, जैजैपुर, डोटमा, परसदा, बरदुली, नगारीडीह एवं जमड़ी ग्राम पंचायतों में कृषक चौपाल आयोजित किए गए। कृषि चौपालों में जिले में व्याप्त जल संकट को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने की अपील की गई। आगामी खरीफ वर्ष 2026 की तैयारी के तहत फरवरी से मई 2026 तक रासायनिक उर्वरकों का अग्रिम उठाव करने की सलाह दी गई तथा संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग की जानकारी दी गई। धरती माता बचाओ अभियान' के अंतर्गत जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। साथ ही पी.एम. आशा योजना के तहत दलहन एवं तिलहन फसलों के पंजीयन हेतु किसानों का आह्वान किया गया तथा जिले में खरीदी के लिए 06 समितियां पंजीकृत की गई हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लंबित ई-केवाईसी, भूमि विवरण अद्यतन, आधार सीडिंग, अपात्र एवं संदिग्ध प्रकरणों के सत्यापन और सक्रिय किसानों का फार्मर आईडी निर्माण तथा जिले में ग्रीष्मकालीन धान के रकबे में कमी कर मक्का, दलहन एवं तिलहन फसलों का क्षेत्र विस्तार का कार्य सात प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। एग्रीस्टेक पंजीयन से वंचित किसानों का शिविरों के माध्यम से पंजीयन किया जा रहा है। चौपाल में फसल विविधीकरण, रबी में बीज उत्पादन कार्यक्रम लेने हेतु किसानों को जानकारी दी जा रही है जिसे उन्नत बीज के क्षेत्र में भी किसान आत्मनिर्भर हो सके, किसान क्रेडिट कार्ड (के.सी.सी.) के माध्यम से किसानों को अल्पकालीन फसल ऋण लेने हेतु जागरूक किया जा रहा है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर ग्रीष्मकालीन फसल में अनुशंसित उर्वरक का उपयोग हेतु किसानों को जागरूक किया जा रहा है।


निरीक्षण के दौरान निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

## टोल प्लाजा जेठा का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

टोल प्लाजा जेठा के खिलाफ अवैध वसूली और मारपीट की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने शुक्रवार 20 फरवरी को औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचे कलेक्टर ने टोल प्लाजा की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और मौके पर मौजूद टोल प्लाजा प्रबंधन के कर्मचारियों से एनएचएआई की गाइडलाइन के तहत उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली।

**खास बात**

- एनएचआई के गाइडलाइंस का पालन करने एवं व्यवस्था सुधारने दिए निर्देश

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि टोल प्लाजा का संचालन पूर्णतः नियमों के अनुरूप किया जाए तथा एनएचएआई के सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दोपहिया वाहन चालकों के लिए सुगम और सुरक्षित आवागमन की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। टोल प्लाजा जेठा के विरुद्ध लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीर बताते हुए उन्होंने प्रबंधन को चेतावनी दी कि नियम विरुद्ध किसी भी प्रकार की वसूली, अभद्र व्यवहार या अनियमितता पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री तोपनो ने टोल प्रबंधन को सभी व्यवस्थाएं तत्काल सुधारने, पारदर्शिता बनाए रखने और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान राजीव ठाकुर, रामनारायण गौतम, रवि गोयल, भगत शर्मा, शम्स तमरेज खान सहित विभिन्न मीडिया प्रतिनिधि एवं टोल प्लाजा के संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रगतिशील प्रदर्शनी के दूसरे दिन आठ हजार नागरिकों ने किया अवलोकन


प्रदर्शनी का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त करती छात्राएं।

**जांजगीर-चांपा।** दिल्ली के फ्रेंड्ज़ एक्जिबिशन एंड प्रमोशन की तरफ से और लेडीज सर्कल इंडिया की सहयोग से पुलिस परेड ग्राउंड में हो रही प्रगतिशील छत्तीसगढ़ प्रदर्शनी को दूसरे दिन करीब आठ हजार नागरिकों ने देखा, अवलोकन किया। शनिवार 21 फरवरी को प्रदर्शनी का आखरी दिन है। दोहपर 12 : 30 बजे सांसद और छत्तीसगढ़ विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल की उपस्थिती में समापन समारोह होगा।

प्रदर्शनी का दूसरे दिन भी नागरिको ने खुब भ्रमण किया। दूसरे दिन 20 फरवरी को करीब आठ हजार से ज्यादा छात्रों, युवाओं और नागरिकों ने प्रदर्शनी को करीब से देखा और जाना तथा जानकारी साझा की। प्रदर्शनी में दिनभर कई प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें आये स्कूली छात्रों को सवाल पूछने के बाद मिले सही जवाबों से गिफ्ट देकर गौरवान्वित किया गया। प्रदर्शनी को यशस्वी कराने के लिए फ्रेंड्ज़ एक्जिबिशन की तरफसे दीपक सिंग मेहता, संतोष पवार, अखिला श्रीनिवासन, दत्ता थोरे, महालक्ष्मी, साक्षी सैनी, साक्षी रावत, कनिष्का शुक्ला, आकांक्षा झा, आकृति तिवारी, संगीता, अनुराग गोस्वामी, एम. डि. मेहराज ने विशेष परिश्रम किया। इस प्रदर्शनी में विभागों की जानकारी मिल रही है। विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के स्टॉलों पर लोगों ने योजनाओं, तकनीकों एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विशेष रूप से कृषि, उद्योग, स्वरोजगार, वित्तीय सेवाओं, महिला एवं बाल विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पर्यटन से संबंधित स्टॉल आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस राज्यस्तरीय मेगा प्रदर्शनी में वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद, भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड, इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड, केंद्रीय भंडारण निगम, भारतीय चाय बोर्ड, छत्तीसगढ़ कृषि विभाग, कर्नाटक साबुन एवं डिटर्जेंट्स लिमिटेड, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, केंद्रीय रेशम बोर्ड, भारतीय पैकेजिंग संस्थान, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, छत्तीसगढ़ महिला एवं बाल विकास विभाग, तमिलनाडु बागवानी विभाग, तटीय जलीय कृषि प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ उद्यानिकी विभाग, भारतीय मानक ब्यूरो, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, मेकॉन लिमिटेड, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, डाक विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, पंजाब नेशनल बैंक तथा भारतीय स्टेट बैंक सहित अनेक प्रतिष्ठित विभाग एवं संस्थान सहभागिता कर रहे हैं।

### जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष बने शमसुद्दीन

**चांपा।** भारतीय जनता पार्टी जिला के अल्पसंख्यक मोर्चा का गठन प्रदेश अध्यक्ष इकबाल खान के सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष अंबेश जांगड़े की अनुशंसा पर जिले के अध्यक्ष संतोष सिंह जबल ने नगर के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता शमसुद्दीन अंसारी को जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री अंसारी ने अपनी नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी को और मजबूती प्रदान करने के लिए काम करने का भरोसा पार्टी के वरिष्ठ लोगों को दिया है, वहीं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने काम करने की बात कही।



## परीक्षा की तैयारी में खलल डाल रहे लाउडस्पीकर व डीजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

प्रशासन द्वारा परीक्षा के मद्देनजर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है, बावजूद इसके शहर सहित आसपास के इलाके में इनका प्रयोग बे रोक टोक हो रहा है। ऐसे में बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसको लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राहौद इकाई द्वारा कार्रवाई की मांग की गई है। तहसील कार्यालय पहुंचकर विद्यार्थी परिषद ने तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा है।

सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने बताया है कि 20 फरवरी से बोर्ड की परीक्षा शुरु हो गई है। इसको लेकर 19 फरवरी को ही जिला प्रशासन द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने संबंधी आदेश भी जारी किया गया है। बावजूद इसके राहौद शहर सहित आसपास के गांवों में इस आदेश का पालन नहीं हो रहा है। जगह-जगह मनमाने तरीके से कानूफोड़ू संगीत, डीजे आदि का प्रयोग हो रहा है, जिससे बोर्ड परीक्षा दिलाने वाले बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यार्थी परिषद ने इस पर उचित कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिला कार्यसमिति सदस्य शुशांक शर्मा, नगर मंत्री विशाल चंदेल, नगर सह मंत्री प्रांशु कृष्ण गुप्ता, जलाराम निषाद, परिषद के कार्यकर्ता विक्की यादव, अनुराग चंद्राकर, सुनील देवांगन एवं हितेश चंदेल उपस्थित रहे।


अधिकारी को ज्ञापन सौंपते अभाविप के पदाधिकारी।

## संत रविदास जयंती पर निकली भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण


शोभा यात्रा निकालते समाज के लोग।

धर्म नगरी शिवरीनारायण में बुधवार 18 फरवरी को रविदास/मेहर समाज के द्वारा संत रविदास की 649 वीं जयंती धूम धाम से मनाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश थी। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में जांजगीर-चांपा विधायक ब्यासनारायण कश्यप, राजेश्री महंत रामसुन्दर दास उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में राहुल थवाईत नगर पंचायत अध्यक्ष शिवरीनारायण, गोविन्द यादव नगर अध्यक्ष खरौद, श्रीमती सरस्वती मिलाप साहू उपाध्यक्ष शिवरीनारायण, श्रीमती अंजनी मनोज तिवारी पूर्व नगर अध्यक्ष शिवरीनारायण रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनंजय रात्रे युवा अध्यक्ष सर्व रविदास समाज छ.ग. ने की। कार्यक्रम के शुभारंभ पश्चात शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इसके बाद सामाजिक व्यतियों, बुजुर्गो सामाजिक कार्यकर्ता व नेताओं का सम्मान हुआ, जिसमे अलग अलग क्षेत्र में विशेष स्थान रखने वाले व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह एवं फूल-माला पहनाकर सम्मान किया गया। पूजा टांडेकर मिस छत्तीसगढ़ 2025 को मुख्यरूप से सम्मानित किया गया। विधायक ब्यासनारायण कश्यप ने कहा कि संत रविदास न केवल एक समाज का संत है बल्कि पुरे विश्व के लोग उनको पूजते है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विकास कि जननी है। सभी माता पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। विधायक शेषराज हरवंश ने कहा कि समाज को समानता, भाईचारा का सन्देश देने वाले विश्व के महान संत रविदास के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। आज उनका समाज आगे बढ़ रहा है और शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी आगे बढ़ा रहा है।

जिला स्तरीय सलाहकार परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

## सामाजिक एवं आर्थिक विकास से संबंधित विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



बैठक में उपस्थित कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी।

जिला स्तरीय सलाहकार परामर्शदात्री समिति की बैठक शुक्रवार 20 फरवरी को हुई। बैठक में जिले के सामाजिक एवं आर्थिक विकास से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों के साथ किसानों की आय वृद्धि करने पर चर्चा की गई।

कलेक्टरअमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में आर.बी.आई. एवं नाबार्ड तथा जिला अग्रणी बैंक सक्ती के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में जिला स्तरीय सलाहकार परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के सामाजिक एवं आर्थिक विकास से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में पिछली परामर्शदात्री समिति की बैठक की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन, जिले में बैंकिंग गतिविधि पर चर्चा, राष्ट्रीय मापदंडों की समीक्षा, वार्षिक साख योजना 2025-26 लक्ष्य एवं प्रगति पर चर्चा, शासकीय योजनान्तर्गत ऋण वितरण पर चर्चा, किसान क्रेडिट कार्ड पर चर्चा, किसानों की आय वृद्धि करने पर चर्चा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की समीक्षा, इनऑपरेटिव बैंक अकाउंट्स तथा डीईए फंड को ऑपरेटिव कराने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, आर.बी.आई. के प्रतिनिधि, एलडीएम मनोज कुमार वर्मा एवं जिला के समस्त बैंको के प्रबंधक एवं संबंधित विभागो के अधिकारी उपस्थित थे।

